

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 42 ■ अंक : 35 ■ गुरुवार, 11 अप्रैल 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, LLB) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय

## अंबरनाथ पूर्व में सोसायटी ने लगाया बैनर




▶▶ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में एक सोसायटी के सैकड़ों निवासियों ने पानी नहीं मिलने के कारण लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करतु हेउ वोटिंग नहीं करने का निर्णय लिया है. 125 फ्लैट कि निवासियों को गत कई महिनों से केवल 10 मिनट मिलता है, वह भी समय पर नहीं मिल रहा है. शहर पूर्व में कानसई परिसर में स्वामी देवप्रकाश सोसायटी के लोग गृहकर और मजीप्रा को पानी का बिल बराबर भर रहे हैं. उन्होंने प्रश्न किया है कि बगल की सोसायटी में पानी मिल रहा है, फिर उनके साथ मजीप्रा सौतेला सलूक क्यों कर रही है? यहां की पूर्व नगरसेविका अपर्णा भोईर ने कहा है कि अगर यहां के निवासियों की मांग को मजीप्रा ने जल्द ही पूरा नहीं किया तो निवासी लोकसभा चुनाव में वोटिंग नहीं करेंगे. उन्होंने कहा है कि वह जल्द ही यहां के निवासियों को लेकर धरने पर बैट जाएंगी. सोसायटी परिसर में 'नो वोट नो वाटर' के बैनर लगा दिए गए हैं. एक महिला ने ये तक कह दिया है कि वह सुबह में उठकर गुड मार्निंग भूल गए हैं. उन्हें पानी की चिंता सताए रहती है. केवल दस मिनट पानी और वह अलग-अलग समय में पानी छोड़े जाने से सभी निवासी परेशान हैं. इसलिए सबने मिलकर ये निर्णय लिया है कि पानी नहीं तो वोट भी नहीं.

**नो वाटर, नो वोट**

# झूलेलाल मय हुआ उल्हासनगर

- चेटीचंड महापर्व पर महाबाइक रैली के बाद महायात्रा में उमड़े लाल साईं भक्त
- सिंधी समाज में दिखी एकता की ताकत
- भयंकर गर्मी के बावजूद लोगों का उमड़ा हुजूम
- जय जय झूलेलाल के जयकारे से गूंजा शहर






**उल्हासनगर.** सिंधी समाज के नववर्ष चेटीचंड के महापर्व पर पूरा शहर झूलेलाल मय हो गया। 9 अप्रैल को चेटीचंड से एक दिन पूर्व महाबाइक रैली का सफल आयोजन किया गया था। उसके बाद सिंधी भाषा दिवस के साथ आए इस बार चेटीचंड पर महायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें लाल साईं के भक्त बड़ी संख्या में शामिल हुए। साईं वसनशाह दरबार द्वारा भी चेटीचंड पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। पूज्य चालीहा साहिब मंदिर में भी चेटीचंड के मौके पर मंदिर में भारी भीड़ देखी गई। इस बार सिंधी समाज ने चेटीचंड पर अपनी एकता की ताकत दिखाई।

ज्ञात देशभर में सिंधी समुदाय के अधिकांश लोग उल्हासनगर में रहते हैं और सिंधी समुदाय का सबसे बड़ा त्यौहार चेटीचंड उनके इष्ट देव झूलेलाल के अवतार दिन के रूप में मनाया जाता है और इस अवसर पर हर साल पूरे शहर से महायात्रा निकाली जाती है। महायात्रा कैम्प 1 झूलेलाल मंदिर से कैम्प 5 चालीहा साहिब मंदिर पर समाप्त होती है। शहर से निकलने वाली चेटीचंड महायात्रा के स्वागत के लिए पूरे शहर को ही नहीं बल्कि मुख्य चौराहों को भी रोशन किया गया. यात्रा का हर चौराहे पर स्वागत किया गया। यात्रा में सिंधी समुदाय सहित अन्य समुदाय भी शामिल हुए और विभिन्न दलों के राजनीतिक नेता यात्रा में भाग लेकर एकता का संदेश दिया. यात्रा के दौरान हिंदू देवी-देवताओं के रथों को सजाया गया और इस अवसर पर शहरवासियों को सिंधी संस्कृति की झलक देखने को मिली. यात्रा में शामिल नागरिकों को यात्रा महोत्सव समिति एवं सामाजिक संस्था द्वारा भोजन, नाश्ता, पानी, शीतल पेय आदि उपलब्ध कराया गया.

# अंबरनाथ शिवाजी चौक पर ठंडे पानी का प्रबंध

## अंबरनाथ मानव सेवा चेरिटेबल संस्था का उपक्रम



▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर गुढ़ीपाड़वा के दिन अंबरनाथ मानव सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है. दिन-प्रतिदिन बढ़ रही गरमी और धूप के कारण पानी की प्यास शिद्दत से बढ़ती जा रही है. इस बात को ध्यान में रखते हुए और शहरवासियों को प्यास बुझाने के लिए ट्रस्ट द्वारा ये प्रबंध किया गया है. मुफ्त में गुड़ भी बांटा गया. संस्था के अध्यक्ष अरविंद वालेकर की संकल्पना से और उनके हाथों इस उपक्रम की शुरूआत की गई. हर महिने के रविवार को, कलिंगड, खरबूज और शरबत, ककड़ी भी मुफ्त में वितरित किया जाएगा. ऐसा वालेकर ने कहा है.

संस्था के सदस्य एवं ए.बी.सी. केबल के संचालक अनिल गायकवाड़ ने भी इस कार्य के लिए सहायता की है. वालेकर ने बताया की उनकी संस्था की तरफ से गत चार वर्ष से रोजाना 800 लोगों में 10 रुपए में खाना दिया जा रहा है. मुफ्त ठंडा पानी उपक्रम के शुभारंभ के समय अनिल गायकवाड़, एन. के. शर्मा, रूपसिंह धल, रमेश पटेल, दत्ता घावट आदि मान्यवर उपस्थित थे. ऐन गर्मी में ठंडे पानी का प्रबंध किए जाने से शहरवासियों को राहत मिलेगी.

# विकास कार्यों का आयुक्त ने किया निरीक्षण दौरा



**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त अजीज शेख ने गुढ़ीपाड़वा अवकाश के दिन अधिकारी के साथ विकास कार्यों का निरीक्षण किया और 15 दिनों के भीतर इसकी रिपोर्ट मांगी. कमिश्नर के निशाने पर विकास कार्य आ जाने से ठेकेदार परेशान हैं और कमिश्नर क्या कार्रवाई करते हैं। इस पर सभी का ध्यान है.

उल्हासनगर में विकास कार्यों को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है और क्या सड़क खोदते समय महानगर पालिका की अनुमति ली जाती है? ऐसा प्रश्न पूछा जाता है. बिना अनुमति के सड़कें न खोदें ऐसा आदेश कमिश्नर को जारी करना पड़ा है.

कमिश्नर ने बरसात से पहले खोदी गई सड़कों की मरम्मत के आदेश दिए हैं और सड़कों की खुदाई के कारण शहर में धूल का साम्राज्य बन गया है. इस बीच अधिकांश कर्मचारी लोकसभा चुनाव कार्य में चले गये हैं और मनपा को कम मैनपावर से काम चलाने की नौबत आ गयी है. मनपा आयुक्त अजीत शेख, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, निर्माण विभाग के संदीप जाधव, जल आपूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता परमेश्वर बडगे, दीपक ढोले, सहायक निदेशक शहरी नियोजन ललित खोब्रागड़े और सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी मनीष हिवरे ने ठेकेदारों और सलाहकारों के साथ काम का निरीक्षण किया।

शहर में भूमिगत सीवरेज योजना के तहत मनपा की अनुमति के बिना सड़कों की खुदाई और सीवरेज पाइप बिछाने से शहर में धूल की मात्रा बढ़ गई है। धूल की बढ़ी हुई मात्रा को कम करने के लिए लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर के नेतृत्व में डीप क्लीनिंग कार्यक्रम के तहत विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है. गुढ़ीपाड़वा, चेटीचंड यात्रा, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर जयंती के अवसर पर बाइक रैली, चेटीचंड यात्रा मार्ग, मनपा द्वारा जुलूस मार्ग प्रारंभ किया गया।

# सड़क की दुर्दशा का वीडियो वायरल



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा ने अंडरग्राउंड सीवेज लाइन बिछाने के लिए सीमेंट कंक्रीट सड़कों की खुदाई की है। इसलिए वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई है. इसी तरह एक जागरूक युवक ने सड़क खुदाई से हो रही दुर्दशा को लेकर पोस्ट वायरल की है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए नागरिकों को इस सड़क पर चलना चाहिए, ऐसी व्यंग्यपूर्ण आलोचना कर महानगर पालिका की शिथिलता को उजागर किया है.

यह सड़क कैंप नंबर चार के सुभाष टेकड़ी इलाके में है. महानगरपालिका की ओर से डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की पूर्णाकृति प्रतिमा लगाने का काम चल रहा है. इस प्रतिमा का काम बाबा साहेब की जयंती 14 अप्रैल से पहले पूरा होगा या नहीं, यह शोध का विषय बन गया है. इसी तरह, शेखर भालेराव चौक के कुछ दूरी पर अंडरग्राउंड सीवेज लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई हैं; लेकिन काफी समय हो गया है. लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं हो पाई है.

साथ ही बीच सड़क पर पत्थर भी फेंके गए हैं. इस पर चलने में बहुत तकलीफ होती है। ऐसे में एक युवक सुहास म्हस्के ने सड़क की खराब हालत का पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है. डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर अनुयायी इसी सड़क से होकर गुजरते हैं. ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या सड़कों पर पड़े ये पत्थर आंबेडकर जयंती की खुशियों पर पानी फेर देंगे.

## महिला के गले से सोने की चेन छीनी

**उल्हासनगर.** साईबाबा मंदिर के पास, उल्हासनगर-1 में पैदल जा रही महिला के गले से 2 बाइक सवार सोने की चेन लूटकर ले गए.

वंदना भास्कर जाधव (50) बुधवार की सुबह 5.50 बजे के करीब नटराज फैब्रिकेटर, साईबाबा मंदिर के पास, उल्हासनगर-3 से पैदल जा रही थी. इस दौरान काले रंग की बाइक से आए 2 लुटेरों ने उनके गले से 8 ग्राम की सोने की चेन छीनी और अंबरनाथ की दिशा में भाग गए. सोने की चेन की कीमत 30 हजार रुपए है. सेंट्रल पुलिस ने भादंसं की धारा 392, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक अजिंक्य धोंडे मामले की जांच कर रहे हैं.

# श्रीकांत शिंदे की जीत के लिए पूर्वेश सरनाईक की रणनीति

- कल्याण में निरीक्षक नियुक्त

**कल्याण.** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली युवा सेना ने कल्याण-डोंबिवली लोकसभा क्षेत्र में विधानसभावार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है.

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के मार्गदर्शन में युवासेना के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्वेश सरनाईक ने इन नियुक्तियों की घोषणा की है. शिवसेना ने कल्याण लोकसभा के लिए मजबूत मोर्चा बनाना शुरू कर दिया है.

दो दिन पहले ही शिव सेना शिंदे गुट ने कल्याण लोकसभा के 6 विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा निरीक्षकों की नियुक्ति की थी. अब युवा सेना से प्रसाद कलसुले, मुंब्रा इंस्पेक्टर अशफाक चौधरी, डोंबिवली विधानसभा इंस्पेक्टर निखिल वालेकर को कलवा इंस्पेक्टर नियुक्त किया गया है.

विकेश भोईर को कल्याण ग्रामीण विधानसभा निरीक्षक, नितेश गजमल को कल्याण पूर्व विधानसभा निरीक्षक, हेमंत पमनानी को उल्हासनगर विधानसभा निरीक्षक और उत्कर्ष आर्य को अंबरनाथ विधानसभा निरीक्षक नियुक्त किया गया है।






दिलचस्प बात यह है कि कलवा-मुंब्रा विधानसभा क्षेत्र में, कलवा और मुंब्रा क्षेत्रों के लिए स्वतंत्र पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, और ये सभी युवा नेता ठाणे से हैं।

पूर्वेश सरनाईक ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में युवा सेना के माध्यम से संगठन को मजबूत करने, पार्टी की मिशन नीतियों को युवाओं तक पहुंचाने और नए मतदाताओं तक पहुंचने की जिम्मेदारी पर्यवेक्षकों पर होगी.

# लाखों के ड्रग्स के साथ महिला गिरफ्तार

## साढ़े पांच लाख का ब्राउन शुगर बरामद | जेल से रिहा होने के बाद फिर शुरू किया गोरखधंधा



▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** कल्याण - डोंबिवली की तिलक नगर पुलिस ने ड्रग्स की स्मगलिंग करने वाली एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लाखों रुपये का ब्राउन शुगर जप्त किया है। ड्रग्स माफिया महिला का नाम सलमाबेग नूर मोहम्मद शेख (65) बताया गया है, जो हनुमान नगर कचोरे की रहने वाली है। डोंबिवली के एसीपी सुनील कुराडे के अनुसार पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि कचोरे के हनुमान नगर परिसर में एक महिला ड्रग्स की स्मगलिंग करती है। उसी सूचना के आधार पर तिलक नगर पुलिस ने महिला को पकड़ने की योजना बनाई। थाना इंचार्ज विजयकुमार कदम की अगवाई में पुलिसकर्मियों ने हनुमान नगर परिसर की एक स्कूल के छत से महिला की निगरानी की। पुलिस कर्मियों ने महिला की हरकतों पर नजर रखा और मौका मिलते ही उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान सलमाबेगम के कब्जे से 104 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ, जिसकी कीमत 5 लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार साल 2015 में भी आरोपी महिला सलमाबेग हीरोइन, ब्राउन शुगर जैसे नशीले पदार्थ की स्मगलिंग करते हुए पकड़ी गई थी। जेल से रिहा होने के बाद उसने फिर से स्मगलिंग का गोरख धंधा शुरू किया। इस महिला को ड्रग्स कौन सप्लाई किया करता था, क्या इसमें किसी बड़े गिरोह का हाथ तो नहीं। इस एंगल से भी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## स्टेशन के पास से बजाज की बाइक चोरी

**बदलापुर.** बदलापुर पूर्व, स्टेशन परिसर में खड़ी की गई एक बाइक अज्ञात चोर उठा ले गया. बदलापुर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सतीश लखीराम नियाल (39) ने बजाज प्लैटिना बाइक बदलापुर रेलवे स्टेशन परिसर में खड़ी की थी. 7 अप्रैल को 6 बजे से 3 बजे के दरम्यान किसी ने बाइक चोरी कर ली. बदलापुर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है.




# ठाणे लोकसभा सीट पर फडणवीस ने पेश की दावेदारी



**ठाणे.** एनडीए गठबंधन के तहत ठाणे जिले में कल्याण लोकसभा सीट पर एकनाथ शिंदे की शिवसेना के प्रत्याशी के तौर पर श्रीकांत शिंदे का नाम घोषित होने के बाद 9 अप्रैल को ठाणे में भारतीय जनता पार्टी के नए कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर राज्य में बीजेपी प्रमुख और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ठाणे लोकसभा सीट सं 1990 तक बीजेपी के पास रही है ,इसलिए अभी भी इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी की मजबूत दावेदारी बनी हुई है।

विदित रहे कि ठाणे कल्याण लोकसभा सीट पूर्व में बीजेपी के पास थी। लेकिन ठाणे शिवसेना प्रमुख स्वामी आनंद दिघे ने अपने बाहुबल से बीजेपी से छीन ली थी। इसके बाद ठाणे सीट के विभाजन के बाद भी ठाणे और कल्याण डोम्बिवली सीट फिर शिवसेना के खाते में ही रह गई थी।

### कई नेता भी थे उपस्थित

उल्लेखनीय है कि 9 अप्रैल को ठाणे में भारतीय जनता पार्टी के नए कार्यालय का शुभारंभ करने के लिए देवेंद्र फडणवीस विशेष रूप से ठाणे में आये थे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटील ,राज्य के मंत्री रविंद्र चव्हाण ,विधायक संजय केलकर ,विधायक निरंजन डावखरे ,राजस्थान बीजेपी प्रभारी और पूर्व राजयसभा सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे और ठाणे बीजेपी अध्यक्ष संजय बाघुले भी उपस्थित थे।

### महायुति के लिए यह परीक्षा की घड़ी

राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अभी हाल ही में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के समय उनके द्वारा दिए गए भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि चुनाव के तत्काल बाद ही हमें फिर से जोरतौर से छमा छम काम पर लग जाना होगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हमारी महायुति के लिए यह परीक्षा की घड़ी है। फडणवीस ने यह भी कहा कि चारसौ सीट के पर घोषणा के उपरांत हमारे विरोधियों के मध्य निराशा व्याप्त हो गई है ,इसलिए वह अनापशनाप और अनर्गल वार्तालाप कर रहे हैं ,हमारी प्रार्थना है कि भगवान उन्हें क्षमा करें।

### भाजपा के भव्य कार्यालय का उद्घाटन

बताया जाता है कि 9 अप्रैल को ठाणे में बीजेपी ने अपने भव्य कार्यालय का उद्घाटन कर महाराष्ट्र एनडीए में बीजेपी ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है। अपने संबोधन में देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि बीजेपी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को कार्यालय की काफी समय से प्रतीक्षा थी। ठाणे का बीजेपी कार्यालय लगभग 20 हजार वर्गफुट की चेहरदीवारी में साढ़े तेरह हजार वर्गफुट में बना हुआ है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## द्रविड़ मॉडल पर त्रिकोणीय संघर्ष

आगामी लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु के 40 में से कई निर्वाचन क्षेत्रों में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाला द्रमुक गठबंधन कायम है, जबकि अन्नाद्रमुक ने भाजपा से नाता तोड़ लिया है। इस बीच, भगवा पार्टी ने अपना स्वयं का गठबंधन बनाया है, जिसमें ऐसी पार्टियाँ शामिल हैं जिनसे उसे उम्मीद है कि गौंडर्स, वन्नियार और थेवर सहित प्रमुख जातियों से वोट मिलेंगे। पिछले कुछ समय से, इसने आर्थिक रूप से शक्तिशाली नादर समुदाय के वर्गों के साथ अपना वोट मजबूत कर लिया है। इतिहास की दृष्टि से वर्तमान क्षण को प्रासंगिक बनाना उपयोगी है। 1967 में, द्रमुक ने एक गठबंधन के समर्थन से कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करते हुए विधानसभा चुनावों में जीत हासिल की, जिसमें रूढ़िवादी स्वतंत्र पार्टी से लेकर सीपीआई (एम) तक सभी राजनीतिक दलों की पार्टियां शामिल थीं। इसके बाद, कांग्रेस ने द्रमुक में दरार पैदा करने वाली स्थितियां पैदा करके खुद को राज्य की राजनीति में वापस शामिल कर लिया, और एमजीआर के तहत अन्नाद्रमुक का गठन हुआ, और यह सुनिश्चित करके कि वह दोनों के बीच चुनावी और राजनीतिक झगड़े में एक महत्वपूर्ण मध्यस्थ बनी रही। दलों। यह तर्क 1970 के दशक से ही कायम है और यह राज्य की राजनीति में अपनी जगह तलाशने की बीजेपी की कोशिशों को भी बताता है. आश्चर्य की बात नहीं है कि 1990 के दशक के उत्तरार्ध से दोनों द्रविड़ पार्टियाँ, विशेषकर अन्नाद्रमुक, भाजपा का समर्थन करने से पीछे नहीं रही हैं। हमारी अपूर्ण संघीय राजनीति और जिस तरह से केंद्र सरकार ने राज्यों की संवैधानिक रूप से वैध शक्तियों को लगातार कम किया है, उसे देखते हुए, राज्य-आधारित राजनीतिक दलों को इस राजनीतिक भंवर पर विचार करना होगा और इसके भीतर अपनी पकड़ बनाए रखनी होगी। इसने एक निर्भीक राजनीतिक अवसरवादिता को जन्म दिया है, और इसलिए, विचारधारा वह गोंद नहीं रही है जो पार्टियों को एक साथ रखती है। भाजपा के साथ अन्नाद्रमुक के रिश्ते को ही लें, जिसे अतीत में जैविक और वैचारिक रूप से झुका हुआ माना जाता था। दिवंगत जे जयललिता के अपनी ब्राह्मण पहचान के दावे और यह सुनिश्चित करने के बावजूद कि उन्हें एक 'अच्छे हिंदू' के रूप में देखा जाता है, पार्टी ने विशिष्ट द्रविड़ आदर्शों से इनकार नहीं किया हैः चाहे इसका आरक्षण नीति, कल्याणवाद, केंद्र से कोई लेना-देना हो- राज्य संबंध, और भाषा, संस्कृति और शिक्षा के संबंध में 'तमिल' हितों में इसका निवेश।

# बीजेपी के भीतर बढ़ी चिंता : कहां है चुनाव को लेकर हलचल?

पहले चरण का मतदान अगले सप्ताह होने वाला है, इसलिए लोकसभा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभियान हमेशा केवल एक वाक्य तक सिमट कर रह जाता हैः ₹मैं वापस आऊंगा₹ !पंडित जवाहरलाल नेहरू के तीसरे कार्यकाल का भारी बोझ उनके दिमाग पर है, श्री मोदी, चाहे सही हो या गलत, महसूस करते हैं कि अगर वह स्वतंत्र भारत के पहले प्रधान मंत्री के रिकॉर्ड की बराबरी करने में विफल रहे तो उनके जीवन का सारा मूल्य मिट्टी में मिल जाएगा। प्रचार की मज़दूरी कभी-कभी आत्म-पराजय वाली होती है।

पंडित नेहरू के साथ तालमेल बिठाने से और अधिक समस्याएं पैदा हो रही हैं, बावजूद इसके कि श्री मोदी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ₹अब की बार, 400 पार₹ के तमाम दिखावे के बावजूद, सत्ताधारी दल में एक स्पष्ट भय और चिंता है, चाहे अधिकांश मीडिया कुछ भी पेश कर रहा हो। ऐसा लगता है कि विपक्ष मजबूत नहीं होने के बावजूद 10 साल की सत्ता विरोधी लहर अचानक जोर पकड़ रही है। इसके साथ यह तथ्य भी जुड़ गया है कि 2014 और 2019 के चुनावों के नरेंद्र मोदी गायब हैं। बहुत लंबे समय तक ऐसा ही लगता है..

पंडित नेहरू के साथ तालमेल बिठाने से और अधिक समस्याएं पैदा हो रही हैं, बावजूद इसके कि श्री मोदी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ₹अब की बार, 400 पार₹ के तमाम दिखावे के बावजूद, सत्ताधारी दल में एक स्पष्ट भय और चिंता है, चाहे अधिकांश मीडिया कुछ भी पेश कर रहा हो। ऐसा लगता है कि विपक्ष मजबूत नहीं होने के बावजूद 10



साल की सत्ता विरोधी लहर अचानक जोर पकड़ रही है। इसके साथ यह तथ्य भी जुड़ गया है कि 2014 और 2019 के चुनावों के नरेंद्र मोदी गायब हैं। बहुत लंबे समय तक ऐसा ही लगता है..

यह बच्चों का खेल नहीं होगा. संघ के एक वर्ग का मानना है कि श्री मोदी को ₹राम लहर₹ का भरपूर फायदा उठाने के लिए अयोध्या में राम मंदिर प्रतिष्ठापन के तुरंत बाद जनवरी में चुनाव बुलाना चाहिए था, जो फिलहाल समझ में नहीं आ रहा है। दो महीने लंबे चुनाव कार्यक्रम की योजना प्रधानमंत्री के अभियान में मदद करने के लिए बनाई गई थी, लेकिन यह परेशानी का सबब बनता जा रहा है क्योंकि ऐसा प्रतीत होता है कि श्री मोदी के पास कहने के लिए कुछ भी नया नहीं है।

पाकिस्तान के संदर्भ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ₹घर में घुस के मारेंगे₹ वाली सख्त बात इस बार गूंज नहीं पाई है, जब विपक्ष चीनी घुसपैठ और जमीन हड़पने का मुद्दा उठा रहा है। लगभग चार साल पहले गलवान में हुई झड़प के बाद से प्रधानमंत्री ने ₹सी₹ शब्द नहीं बोला है। उनकी टिप्पणी 'कोई आया नहीं, कोई गया नहीं' का बीजेपी के असंतुष्ट सुब्रमण्यम स्वामी भी मजाक उड़ा रहे हैं. चीन का तुष्टिकरण करने से किसी को मदद नहीं मिली है और भारत को भी कोई मदद नहीं मिलेगी - ऐसा चीन पर नजर रखने वालों का कहना है। समस्या यह है कि श्री मोदी चुनावी एजेंडा तय करने में विफल रहे हैं, जिससे विपक्ष को बचाव की मुद्रा में आना पड़ा है। राम मंदिर का अभिषेक लगभग भुला हुआ प्रतीत होता है। कट्टर हिंदुत्व की वकालत करने वालों के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। ऐसा नहीं कहा जा रहा है कि योगी आदित्यनाथ लोकप्रिय नहीं हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश एक अलग तरह का कप है, जहां कानून-व्यवस्था के मुद्दे को सांप्रदायिक रंग दे दिया गया है। ₹80 बनाम 20₹ इसका सटीक सार प्रस्तुत करता है। भारत के सबसे बड़े राज्य में अलिखित तर्क यह है कि जो कुछ भी गलत है वह ₹20₹ के साथ है। हे राम!

यूपी की एक और तस्वीर ये है कि कांस्टेबल के 600 पदों के लिए 50 लाख आवेदक थे. यह ऐसे समय में है जब यह घोषणा की जा रही है, चाहे सही हो या गलत, कि सबसे अधिक आबादी वाला राज्य जल्द ही 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

₹मोदी लैंड₹ में जरूर कुछ न कुछ सड़ रहा है। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के गृह क्षेत्र में, भाजपा को पार्टी में विरोध के कारण अपने द्वारा चुने गए दो उम्मीदवारों को बदलना पड़ा। यह मौन बेचैनी को दर्शाता है. राजपूतों को नाराज करने वाली टिप्पणी पर दो बार से अधिक माफी मांगने के बावजूद पीएम के करीबी सहयोगी केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला का नामांकन रद्द करने की मांग लगातार जारी है।




## संदेशखाली मामले को निष्पक्षता से निपटाने की जरूरत

अगर अदालत किसी आपराधिक मामले की जांच केंद्रीय एजंसी को सौंप दे तो उससे यही संदेश जाता है कि उस मामले को सुलझाने में राज्य सरकार नाकाम रही या उस पर भरोसा नहीं रह गया है। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के उत्पीड़न और जमीन कब्जा करने के मामले में वहां के उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराने का आदेश दिया है।

इससे राज्य सरकार पर कमजोर हुए भरोसे का संदेश जाता है। हालांकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस इस मामले को भाजपा की रची साजिश बता रही है। इस वर्ष जनवरी से ही संदेशखाली विवादों में घिरा हुआ है। राशन घोटाला मामले में जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय का दल तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के घर पहुंचा तो उस पर पथराव किया गया, जिसमें कई कर्मचारी घायल हो गए। उसके बाद वहां की महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाहजहां शेख के लोग महिलाओं को घर से उठा कर ले जाते और उनका यौन शोषण करते हैं। उन्होंने कई भूखंडों पर जबरन कब्जा कर लिया है। इसे लेकर महिलाएं पिछले करीब दो महीने से आंदोलन कर रही हैं। हालांकि राज्य सरकार ने मामले की जांच कराई, पर उसमें कोई भी आरोप साबित नहीं हो पाया। उसके बाद वहां भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच सियासी आरोप-प्रत्यारोप चल रहे हैं। स्वाभाविक ही, अदालत ने मामले की जांच सीबीआइ से कराना उचित समझा है। अब संदेशखाली को लेकर राजनीतिक रस्साकशी कुछ अधिक बढ़ गई है। इसे लेकर भाजपा जहां ममता सरकार पर निशाना साध रही है, वहीं ममता बनर्जी का कहना है कि संदेशखाली आरएसएस का गढ़ बन



चुका है और वही ऐसे बेबुनियाद विवाद पैदा कर रहा है।

जाहिर है, इस आरोप-प्रत्यारोप के बीच हकीकत सामने नहीं आ पा रही। शाहजहां शेख पर गंभीर आरोप हैं और उसे केवल एकतरफा दलीलों के आधार पर बेगुनाह करार नहीं दिया जा सकता। पश्चिम बंगाल पर सदा से राजनीतिक वर्चस्व के लिए खूनी संघर्ष और सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगता रहा है।

पहले वाम मोर्चा के कार्यकर्ताओं पर आरोप लगते थे कि वे सरकारी संरक्षण में जमीनों पर कब्जा करते, ठेके उठाते, अनियमितताएं करते और विरोधी दलों के कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा करते हैं। उन्हीं प्रवृत्तियों के प्रतिकार में लोगों ने तृणमूल कांग्रेस के हाथ में सत्ता सौंपी थी। मगर अब यह छिपी बात नहीं है कि तृणमूल के कार्यकर्ता और नेता भी उसी राह पर चल पड़े हैं, जिस पर पहले वाम मोर्चा के कार्यकर्ता चला करते थे।

ऐसी अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें तृणमूल कार्यकर्ताओं और नेताओं पर दबंगई के आरोप हैं। हालांकि भाजपा जिस तरीके से अपना राजनीतिक प्रभाव जमाना चाहती है, वह भी आरोपों से मुक्त नहीं है। मगर चूंकि कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकार पर है, इसलिए उससे पारदर्शिता और निष्पक्षता की उम्मीद अधिक की जाती है। संदेशखाली को लेकर छिड़े विवादों को अगर राज्य सरकार ने निष्पक्ष होकर निपटा लिया होता, तो अदालत को सीबीआइ जांच का आदेश देना ही न पड़ता। कोलकाता उच्च न्यायालय ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। पहले उसने राज्य सरकार से स्थिति रिपोर्ट मांगी, पर उसमें तमाम आरोपों का सिरे से खंडन ही किया गया था। राज्य महिला आयोग और पुलिस की महिला शाखा की रिपोर्टें राज्य सरकार की दलीलों को सही ठहरा रही हैं, मगर राष्ट्रीय महिला आयोग इसके उलट तस्वीर पेश कर रहा है।

# चप्पल का साइज देख हो जाएंगे हैरान

**जरा हट के**

भारतीय मांएं जब बच्चों को सबक सिखाने पर आती हैं, तो वो अलग-अलग हथियार अपनाती हैं, पर सदियों से एक हथियार जो काफी कॉमन हो चुका है, वो है चप्पल. मां के पैरों में जन्नत तो होती है, पर चप्पल भी होती है, और वो जब पड़ती है, तो बच्चा बड़ी ही आसानी से शिष्टाचार सीख जाता है! अगर आपको ये पढ़कर हंसी आ रही है, और आप इस बात से अपने बचपन को जोड़ पा रहे हैं, तो आपको एक अनोखी चप्पल जरूर देख लेनी चाहिए, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है, और शुक्र मनाना चाहिए कि आपकी मम्मी के पास ये चप्पल नहीं थी....नहीं तो आपका क्या होता, ये आप खुद सोच सकते हैं.

इंस्टाग्राम अकाउंट @royalcityfabrics पर हाल ही में एक वीडियो (Big sandal video) पोस्ट किया गया है जो काफी हैरान करने वाला है. इस वीडियो में एक चप्पल नजर आ रही है, जो इतनी बड़ी है कि उसमें 10 लोगों के पैर फिट हो जाएंगे. देखकर तो साफ पता चल रहा है कि ये चप्पल सिर्फ मजे के लिए बनाई गई है, पर देखने में ये वाकई कमाल की लग रही है. उसकी डिजाइन काफी अच्छी है.

वायरल वीडियो में जो शख्स नजर आ रहा है, वो चप्पलों की दुकान में खड़ा है. वो चप्पल की खासियत बता रहा है. उसका कहना है कि चप्पल स्टॉक में है और जिसे चाहिए, वो उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं. शख्स चप्पल को घुमा-घुमाकर दिखा रहा है. उसे आम चप्पलों की ही तरह नीचे से सिला गया है और ऊपर का डिजाइन भी काफी बड़ा है. अकाउंट के अन्य वीडियोज को देखने से लग रहा है कि ये पाकिस्तान का वीडियो है.

इस वीडियो को 90 लाख व्यूज मिल चुके हैं जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है. एक ने कहा- इस चप्पल को भारत की मांओं को मत दिखाना. वहीं एक ने कहा- हमारी अम्मा को अगर ये चप्पल मिली, मैं तो गया काम से. एक ने कहा कि ये चप्पल ग्रेट खली की होगी. एक ने तंज कसते हुए कहा- साइज छोटा है, एक नंबर बड़ा दिखाओ! एक ने कहा कि ये चप्पल तो हल्क को भी नहीं होगी.



# तोंद बन गया है मटका तो हो जाएं सावधान

- **कहीं आप इस गंभीर बीमारी के शिकार तो नहीं?**
- **जानिए कैसे मिलेगा 'पॉट बेली' से छुटकारा**

कई लोग ऐसे होते हैं, जो देखने में तो दुबले-पतले होते हैं, लेकिन उनका पेट बाहर की तरफ निकला नजर आता है. ऐसे लोगों के पेट का शेप गोल मटके की तरह दिखता है. मोटापे से ग्रस्त लोगों में भी पेट काफी बाहर, गोल और बड़ा सा निकला हुआ नजर आता है. यह शरीर को बेडौल लुक देता है. कुछ भी पहनने पर जंचता नहीं है. इस तरह के पेट को 'पॉट बेली' यानी मटके की तरह दिखने वाला तोंद या पेट कहते हैं. अधिकतर पुरुषों में ये समस्या देखने को मिलती है. लंबे, दुबले-पतले होने के बावजूद भी उनकी सारी पर्सनैलिटी गोल तोंद के कारण खराब लगने लगती है. क्या कभी आपने सोचा है कि आखिर ऐसा क्यों है? पॉट बेली की वजह क्या है, कहीं कोई शारीरिक समस्या तो नहीं ये? चलिए जानते हैं इसके बारे में यहां विस्तार से



पॉट बेली का कारण क्या है?

न्यूट्रिशनिस्ट शिवानी कांडवाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वे पॉट बेली के बारे में जानकारी देते हुए लिखती हैं कि पॉट बेली पुरुषों में काफी कॉमन है. पॉट बेली स्लो या फैटी लिवर का लक्षण है. फैटी लीवर डिजीज आजकल सबसे प्रचलित मेटाबॉलिज्म डिसऑर्डर में से एक है. आपको बता दें कि ये हमेशा शराब के सेवन से संबंधित नहीं होता है.

जब शरीर की मांसपेशियों और ऊतकों को ऊर्जा की आवश्यकता होती है तो इंसुलिन रक्त से ग्लूकोज को अवशोषित करने में कोशिकाओं की सहायता करता है. हालांकि, जब ब्लड में ग्लूकोज का लेवल अधिक होता है तो यह अतिरिक्त ग्लूकोज को स्टोर करने के लिए लिवर की भी सहायता करता है. यदि शरीर में इंसुलिन प्रतिरोध विकसित हो जाता है तो इसका मतलब है कि हमारी कोशिकाएं इंसुलिन के प्रति उस तरह से प्रतिक्रिया नहीं करेंगी जैसी उन्हें करनी चाहिए. परिणामस्वरूप लिवर में बहुत अधिक वसा जमा हो जाती है.

### पॉट बेली को कम करने के उपाय

1. यदि आप चाहते हैं कि आपका मटके जैसा गोल तोंद कम होकर स्लिम दिखने लगे तो आप लो कार्ब डाइट का सेवन करें. इससे ब्लड में कम ग्लूकोज निकलता है.
2. वेट ट्रेनिंग से इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार होता है जो फैटी लिवर को कम करने में मदद करता है.
3. क्लोरोफिल लिवर को डिटॉक्स करने और बेहतर कार्य करने में मदद करता है इसलिए खूब सारी हरी सब्जियां डाइट में प्रतिदिन शामिल करें.
5. ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर फूड का सेवन करें. ये लिवर की कार्यप्रणाली में सुधार करते हैं. बैड कोलेस्ट्रॉल और फ्री रैडिकल्स को कंट्रोल करते हैं. ओमेगा 3 फैटी एसिड की पूर्ति के लिए आप ओमेगा 3 कैप्सूल, अलसी के बीज, मछली, अखरोट आदि का सेवन कर सकते हैं.
4. तले हुए भोजन, ट्रांस वसा, डेयरी प्रोडक्ट्स, पैक किए गए खाद्य पदार्थ, चीनी, मैदा यहां तक कि फलों का सेवन भी कम कर दें क्योंकि फलों में फ्रुक्टोज होता है. यह रक्त में ट्राइग्लिसराइड्स को बढ़ा सकता है.

# आम चिया पुडिंग

खाना-खजाना

गर्मी के मौसम में आम की कितनी ही डिशेज खा लें, मन नहीं भरता। इसलिए हम इसकी बेहद हेल्दी डिश लेकर आए हैं, जो स्वाद और स्वास्थ्य दोनों से भरपूर है। हम बात कर रहे हैं, आम चिया पुडिंग की। आप इसे आसानी से घर पर बना सकते हैं और इसे बनाने में बिल्कुल मेहनत नहीं लगती और ज्यादा समय भी नहीं लगेगा। जानें इसे बनाने की आसान रेसिपी।

**सामग्री :**

1 1/2 कप नारियल का दूध
2 मध्यम पके आम
3 बड़े चम्मच शहद
4 बड़े चम्मच चिया बीज
1/4 चम्मच दालचीनी
2 बड़े चम्मच पिसी हुई बादाम

**विधि :**

सबसे पहले आमों को धोकर छील लें। फिर इन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें और मुलायम प्यूरी बना लें।

एक कटोरा लें और उसमें चिया सी को गर्म नारियल के दूध, शहद और थोड़ी सी दालचीनी के साथ मिलाएं। इसे अच्छे से टॉस करके रात भर के लिए भिगो दें।

सुबह इसे बाहर निकालें और ताजा आम की प्यूरी डालकर पकवान तैयार करें और ऊपर से ठंडा नारियल चिया पुडिंग और ताजे आम के टुकड़े और उसके बाद बादाम डालें, परतों को दोहराएं और आनंद लेने के लिए एक घंटे के लिए फ्रिज में रखें।



## आज का राशिफल

**मेष :** मेहनत का फल मिलेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। भूमि, आवास की समस्या रह सकती है। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। संतान से कष्ट रहेगा।

**वृषभ :** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। मान बढ़ेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अपनी बुद्धिमत्ता से आप सही निर्णय लेने में सक्षम होंगे। विकास की योजनाएं बनेंगी। निजीजनों में असंतोष हो सकता है। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**मिथुन :** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न लें। व्यावसायिक चिंता दूर हो सकेगी। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी।

**कर्क :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। विवाद न करें। यात्रा में अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। अधीनस्थों की ओर ध्यान दें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**सिंह :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय बढ़ेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखते हुए कार्य करना चाहिए। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी।

**कन्या :** नए अनुबंध होंगे। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। झंझटों में न पड़ें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। कार्य की प्रवृत्ति में यथार्थता व व्यावहारिकता का समावेश आवश्यक है। व्यापार में नई योजनाओं पर कार्य नहीं होंगे। जीवनसाथी का ध्यान रखें।

**तुला :** धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुद्धि एवं तर्क से कार्य में सफलता के योग बनेंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। अतः उसका परित्याग करें। व्यापार लाभप्रद रहेगा।

**वृश्चिक :** समय ठीक नहीं है। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। लेन-देन में सावधानी रखें। विवाद न करें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएंगे। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाए रखें।

**धनु :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय काम बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी। जोखिम न उठाएं। संतान से मदद मिलेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति की संभावना है। अचानक धन की प्राप्ति के योग हैं। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें।

**मकर :** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। समाज में प्रसिद्धि के कारण सम्मान में बढ़ौत्री होगी। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे। परिवार की समस्याओं को अनदेखा न करें।

**कुंभ :** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कामकाज में धैर्य रखने से सफलता मिल सकेगी। योजनाएं फलीभूत होंगी। मित्रों में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें।

**मीन :** दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी। जोखिम न लें। विवाद से बचें। राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। वाणी पर संयम रखें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# घर पर हेयर स्पा कैसे करें?



### बाल होंगे इतने लंबे और घने

क्या आप भी झड़ते, टूटते, दोमुंही, बेजान बालों से परेशान हैं? बदलते मौसम में ये समस्याएं बहुत आम होती हैं. ऐसे में इनका खास समाधान ढूंढना पड़ता है. हेयर स्पा के जरिए इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है. ज्यादातर महिलाएं व पुरुष हेयर स्पा के लिए पार्लर या महंगे हेयर स्पेशलिस्ट के पास जाते हैं. इसमें हजारों रुपये खर्च हो जाते हैं. आप चाहें तो घर पर ही हेयर स्पा करके अपने बालों की खोई हुई चमक लौटा सकते हैं.

धूल-मिट्टी, प्रदूषण, तेज धूप, स्ट्रेस, गलत खान-पान का असर हमारे बालों पर भी पड़ रहा है. इसीलिए उनकी सही देखभाल करना जरूरी है. बालों की देखभाल के तौर पर उनको पूरा पोषण देने और उनकी चमक बरकरार रखने के लिए हेयर स्पा करवाने की सलाह दी जाती है. हेयर स्पा से बालों की लंबाई भी बढ़ती है. बालों में कलर या स्ट्रेटनिंग करवाने वालों के लिए हेयर स्पा ज्यादा जरूरी है. हमारे किचन में ऐसी कई चीजें हैं, जिनके इस्तेमाल से बालों को सही पोषण दिया जा सकता है.

### हेयर स्पा करने के क्या फायदे हैं?

हेयर स्पा ट्रीटमेंट से दोमुंहे और रूखे बालों से तो छुटकारा मिलता ही है, साथ ही हेयर लॉस, गंजेपन और डैंड्रफ जैसी समस्याओं से भी छुटकारा पाया जा सकता है. इससे सिर की त्वचा को भरपूर और जरूरी पोषण मिलता है. हेयर स्पा में हेयर मसाज का काफी अहम रोल होता है. हेयर मसाज से सिर का ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, जिससे नर्व्स को मजबूती मिलती है. हेयर स्पा करने के लिए किचन में मौजूद चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है.

### घर पर हेयर स्पा कैसे करें?

घर में रहकर पार्लर जैसा हेयर स्पा आसानी से किया जा सकता है. इसके लिए आपको मार्केट से कुछ नहीं खरीदना पड़ेगा. आप घर में ही उपलब्ध तेल, शैंपू, कंडीशनर और हेयर मास्क के जरिए हेयर स्पा कर सकते हैं. कम से कम 15 दिनों के अंतराल पर हेयर स्पा जरूर करना चाहिए. जानिए घर पर हेयर स्पा कैसे करें-

### स्टेप 1- हेड मसाज से करें शुरुआत

हेयर स्पा की शुरुआत हेड मसाज यानी सिर की मालिश से की जाती है. हेड मसाज करने के लिए नारियल या ऑलिव ऑयल को हल्का गुनगुना कर लें. फिर गुनगुने तेल से 15-20 मिनट तक हल्के हाथों से सिर की मसाज करें. मसाज करने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है. इससे बालों की लंबाई बढ़ाने में भी मदद मिलती है.

### स्टेप 2- बालों को स्टीम दें

हेड मसाज करने के बाद बालों को स्टीम देना जरूरी है. इसके लिए गर्म पानी में कॉटन की एक मोटी तौलिया डुबोकर निचोड़ लें. इस तौलिया को बालों के चारों तरफ अच्छी तरह से लपेट लें. लगभग 5 से 10 मिनट तक तौलिए को ऐसे ही लपेट कर रखें. इससे सिर में लगा तेल जड़ों तक पहुंच जाता है यानी बालों को पोषण मिलना शुरू हो जाता है.



### स्टेप 3- बालों को धोकर हटाएं तेल

बालों को स्टीम देने के बाद किसी माइल्ड शैंपू (या जिस भी शैंपू का आप इस्तेमाल करते हैं), से बालों को अच्छी तरह से धो लें. इस प्रक्रिया में एक बात का ध्यान रखें, बाल धोने के लिए हमेशा सादा पानी का इस्तेमाल करें. अगर सर्दियों का मौसम है तो हल्का गर्म पानी ले सकते हैं. वैसे बाल हमेशा नॉर्मल पानी से ही धोने चाहिए.

### स्टेप 4- हेयर कंडीशनिंग से नरम होंगे बाल

बालों को शैंपू करने के बाद एक अच्छी क्वॉलिटी का कंडीशनर लगाएं. अगर आप कंडीशनर यूज नहीं करते हैं तो पानी में चायपत्ती उबालकर छान लें. इस पानी में नींबू के रस की कुछ बूंदें डालकर बालों पर लगा लें. चुकंदर का पेस्ट भी कंडीशनर का काम करता है. इसके अलावा मट्ठा या खट्टा दही भी बालों में लगा सकते हैं. दही को आधे घंटे तक बालों पर लगाए रखने के बाद बिना शैंपू के यानी पानी से धो लें.

### 5- हेयर मास्क से बदलेगा बालों का टेक्सचर

आखिरी स्टेप में हेयर मास्क लगाया जाता है. इसे आप घर में ही बना सकते हैं. हेयर मास्क बनाने के लिए 2 अंडे, 1 चम्मच शहद और थोड़ा सा नारियल का तेल मिला लें. अगर आप अंडे नहीं खाते हैं तो एक पका हुआ केला भी फायदेमंद साबित होगा. हल्के गीले बालों में हेयर मास्क को कम से कम 30 मिनट तक लगा कर रखें. फिर माइल्ड शैंपू से बालों को धो लें. इस तरह आपका हेयर स्पा कंप्लीट हो जाएगा.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### तीन दिनों तक यूपी में होगी झमाझम बारिश

**लखनऊ.** उत्तर पश्चिम भारत में 12 अप्रैल को एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस दस्तक देने जा रहा है, जिसकी वजह से यूपी समेत कई राज्यों में झमाझम बारिश होगी। इसके अलावा, आंधी तूफान का भी अलर्ट जारी किया गया है, जबकि बिजली कड़कने की भी आशंका जताई गई है। पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहे तापमान के बीच बारिश होना खुशखबरी जैसा है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर पश्चिम भारत में 13-15 अप्रैल के बीच तेज बारिश, आंधी तूफान व ओलावृष्टि होगी। इसके अलावा, मध्य भारत में भी 10-12 अप्रैल के बीच बारिश और आंधी तूफान का अलर्ट जारी किया गया है।

### SBI के लॉकर में रखे गहने गायब

**कानपुर.** कानपुर देहात में एसबीआई के लॉकर से लाखों के गहने गायब हो गए हैं। इसकी जानकारी मिलते ही बैंक में हड़कंप मच गया। महिला ने सालों बाद अपना लॉकर खोला तो उसे देखकर दंग रह गई। खाली लॉकर की जानकारी बैंक को दी गई। महिला ने पुलिस को भी इसकी जानकारी देकर जांच की मांग की। बैंक अपने स्तर पर भी मामले की जांच में जुटा। घटना कानपुर में थाना रूरा क्षेत्र के कस्बा रूरा के एसबीआई बैंक की है। एक महिला ने बैंक में लॉकर खुलवाकर अपने लाखों के गहने उसमें रखे हुए थे। सालों से महिला को जरूरत नहीं पड़ी तो उसने बैंक लॉकर खोलकर नहीं देखा। 2018 के बाद अब महिला बैंक पहुंची और बैंक के अपने लॉकर का रजिस्ट्रेशन दोबारा कराने की प्रक्रिया की। उसने बैंक के फॉर्म भरे और लॉकर के दोबारा रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली। प्रक्रिया पूरी करने के बाद महिला ने लॉकर खोलकर चेक करने की मांग की।

### पीलीभीत में डंपर की टक्कर से पांच की मौत

**पीलीभीत.** पीलीभीत में हरिद्वार नेशनल हाईवे पर डंपर की टक्कर से दो बाइक पर सवार पांच लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना करने वाला डंपर मौके से फरार हो गया है। हादसा थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम निश्रा के समीप गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे हुआ। अमरिया की ओर से आ रहे डंपर ने दो बाइक पर सवार पांच लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक पर सवार 21 वर्षीय आकिब पुत्र हसीन निवासी ग्राम विलाई पसियापुर, 25 वर्षीय साहब पुत्र शाहिद निवासी ग्राम परेवा वैश्य, 26 वर्षीय अरबाज पुत्र अकील खान निवासी ग्राम परेवा वैश्य की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम अडोली निवासी ओवैस पुत्र ताहिर अली और उनकी पत्नी 30 वर्षीय सकरा बेगम की मौत हो गई।

### मुंह में कपड़ा ठूंसकर खेत में लड़की से गैंग रेप

**कानपुर.** कानपुर में बिठूर क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार रात खेत गई किशोरी को गांव के दो युवकों ने दबोच लिया। जान से मारने की धमकी देते हुए किशोरी के मुंह में कपड़ा ठूंस दोनों ने दुष्कर्म किया। पीड़िता के भाई ने मौके पर पहुंचकर बहन की जान बचाई। गैंगरेप की सूचना पर एसीपी समेत थाने का फोर्स पहुंचा। पीड़िता को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा। पीड़िता बेहद डर गई है। उसने और उसके भाई ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। क्षेत्र के गांव की 17 वर्षीय किशोरी मंगलवार रात आठ बजे गांव के पास ही खेत में शौच के लिए गई थी। खेत में पीछा करते हुए मोहल्ले के अभिषेक प्रजापति, कल्लू अवस्थी पहुंच गए। आरोपितों ने झाड़ियों के पास किशोरी को दबोच लिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते एक कपड़ा उसके मुंह में ठूंस दिया। इसके बाद दोनों ने दुष्कर्म किया। इधर, काफी देर तक घर न लौटने पर बड़ा भाई उसे खोजने गया तो खेत पर नजारा देख चीख पड़ा। आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया पर वह दोनों हाथापाई करते हुए भाग निकले। भाई बहन को लेकर घर आया।

# 'मिशन 45' को अंजाम पर पहुंचाएगा 'ब्रांड योगी'

■ **अमित शाह और देवेंद्र फडणवीस के लिए अलग रोल**

**मुंबई.** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद बीजेपी यह मानकर चल रही थी कि लोकसभा चुनाव में भगवान राम आराम से उनका बेड़ा पार लगा देंगे। पार्टी नेताओं का यह मानना था कि जैसे-जैसे चुनाव करीब आएगा, राम नाम की गूंज बढ़ती जाएगी। हालांकि अब जब लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कुछ ही दिन रह गए हैं तो यह मंदिर मुद्दा चुनाव में उतना बड़ा विषय बनता दिखाई नहीं दे रहा है, जितनी बीजेपी को उम्मीद थी।

इसी को ध्यान में रखते हुए बीजेपी ने यूपी के सीएम और अपने स्टार कैंपेनर्स में से एक योगी आदित्यनाथ को महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार में लगा दिया है। अपनी सख्त हिंदुत्व वाली छवि के लिए पहचाने जाने योगी आदित्यनाथ की डिमांड महाराष्ट्र में भी बढ़ रही है।

नाम न छापने की शर्त पर बीजेपी के एक सीनियर नेता ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि पहले फेज में वैसा माहौल नहीं दिखाई दे रहा है, जिसकी उम्मीद थी। हम इसकी वजह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। वो बताते हैं कि पूर्वी विदर्भ में तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया है। इस गर्मी और धूल से पार पाने और लोगों को घर से निकालने के लिए पार्टी ने मोदी, योगी, अमित शाह और देवेंद्र फडणवीस जैसे स्टार कैंपेनर्स को लगाया है।

भाजपा की महाराष्ट्र ईकाई के अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले कहते हैं कि हमने स्टार कैंपेनर्स की लिस्ट बनाई है। हम राज्यों और लोकसभाओं में फर्क नहीं करते।




केंद्र और राज्य दोनों ही अपना सौ फीसदी दे रहे हैं। हमारा टारगेट है कि विदर्भ में सभी दस लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की जाए और इस बार महाराष्ट्र की सभी 48 लोकसभा सीटें हासिल की जाएं।

#### 2024 में पिछली बार से अलग है माहौल

महाराष्ट्र में प्रथम चरण के मतदान के दौरान पूर्वी विदर्भ की पांच लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। यहां नागपुर में RSS का मुख्यालय है और बीजेपी के दो बड़े नेता नितिन गडकरी और देवेंद्र फडणवीस यहीं से आते हैं। ऐसे में विदर्भ क्षेत्र को प्रचार के लिए कभी भी बाहरी नेताओं की जरूरत नहीं पड़ी है। यहां देवेंद्र फडणवीस और नितिन गडकरी हर घर के लिए जाने पहचाने नाम है लेकिन बावजूद इसके बीजेपी अपने 370 सीटों के नारे को हकीकत में बदलने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है।

हालांकि यहां इस बार जमीनी हालात अलग नजर आ रहे हैं। साल 2014 लोकसभा चुनाव की तरह न तो लोगों और न ही कैडर में वैसा जोश है। बीजेपी के नेताओं का मानना है कि इसकी वजह बढ़ती गर्मी है। उनका यह भी मानना है कि लोगों ने अपने मन बना लिए हैं। बीजेपी के लिए चुनावी रणनीति बनाने वाले एक रणनीतिकार कहते हैं कि हम अपनी तरफ से बेस्ट करेंगे लेकिन कोई भी लोगों को हल्के में नहीं ले सकता।

#### योगी को चुनाव प्रचार के लिए क्यों बुलाया गया?

योगी आदित्यनाथ को महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के लिए बुलाने की वजह बताते हुए बीजेपी के एक पोल मैनेजर बताते हैं कि साल 2014 में लोग नरेंद्र मोदी की एक झलक पाना चाहते थे लेकिन अब देशभर में लोग योगी को देखने के लिए आते हैं। उनके तीखे तीखे भाषण उन कुछ वर्गों के बीच असर पैदा करते हैं जो बीजेपी के लिए महत्वपूर्ण वोट बैंक हैं। बीजेपी के हिंदुत्व का एजेंडा अब राम मंदिर या गोहत्या तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह सीमा सुरक्षित रखने और आतंकवाद से निपटने तक के लिए पहुंच गया है। बीजेपी का मानना है कि योगी आदित्यनाथ के रूप में उनके पास सबसे अच्छा विकल्प है। बीजेपी यह भी मानती है कि योगी आदित्यनाथ से प्रचार करवाकर वो राम मंदिर मुद्दे को बरकरार रखने में सफल होंगे।

बीजेपी 17 अप्रैल को राम नवमी से पहले अपनी हार्ड हिंदुत्व की राजनीति के तहत लोगों को उत्साहित करने का प्लान भी है।

## गिरफ्तारी-रिमांड के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे केजरीवाल

■ **कहा- जल्द सुनवाई की जाए**

■ **CJI ने कहा- हमें ई-मेल भेजिए फिर देखेंगे**

**नई दिल्ली.** शराब नीति घोटाले में 21 मार्च को हुई मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को सही ठहराया था। इस फैसले के खिलाफ अब बुधवार को केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमें सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने की उम्मीद है।

केजरीवाल की ओर से एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा यह याचिका दिल्ली के मुख्यमंत्री के संबंध में है और अर्जेंट है। गिरफ्तारी का आधार ऐसे दस्तावेज थे, जिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। इस पर CJI डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा- हमें ई-मेल कर दीजिए फिर हम देखेंगे।

#### 9 अप्रैल को हाईकोर्ट ने कहा- अरेस्ट सही, ED ने पर्याप्त सबूत दिए

दिल्ली हाईकोर्ट ने 9 अप्रैल को कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने हमारे सामने पर्याप्त सबूत पेश किए। हमने बयानों को देखा, जो बताते हैं कि गोवा के चुनाव के लिए पैसा भेजा गया था। हाईकोर्ट ने ये भी कहा कि हमें संवैधानिक नैतिकता की फिक्र है, ना कि राजनीतिक नैतिकता की। मौजूदा केस केंद्र और केजरीवाल के बीच नहीं है। यह केस केजरीवाल और ED के बीच है। हाईकोर्ट ने कहा कि ED ने कानूनी प्रक्रिया का पालन किया। उसके पास हवाला ऑपरेटर्स और AAP कैंडिडेट के बयान हैं।

## भाई-बहन की रहस्यमय मौत, हत्या के आरोप में मां गिरफ्तार

■ **वजह प्रेमी के साथ था भागना**

रायगढ़. रायगढ़ में 5 और 3 साल के बच्चों की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई थी. मासूम भाई-बहनों की मौत की जब पुलिस ने जांच करनी शुरू की, तो चौंकाने वाली जानकारी सामने आई. पता चला कि बच्चों की हत्या उनकी ही मां ने की थी. दरअसल, वह प्रेमी के साथ भाग जाना चाहती थी. मगर, उसके बच्चे इसमें बाधा बन रहे थे.

लिहाजा, 25 साल की महिला ने दोनों बच्चों की हत्या कर दी थी. पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने बताया कि महिला शादी से पहले भी प्रेमी के साथ रिलेशन में थी. इस मामले में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 31 मार्च को 5 और 3 साल की उम्र के दो भाई-बहनों को उनके पिता सदानंद पोले ने घर पर बेहोश पाया था.

पिता दोनों बच्चों को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के अलीबाग सिविल अस्पताल ले जाया गया. जांच करने पर डॉक्टरों ने बच्चों को वहां लाए जाने से पहले ही मृत होना घोषित कर दिया. इसके बाद अस्पताल से मिली सूचना पर मांडवा पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक सोमनाथ लांडे अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों से बात करने के बाद मामले में गड़बड़ी का संदेह हुआ.

#### पुलिस को हुआ था संदेह

उन्होंने रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घरगे को घटना की सूचना दी. इसके बाद सोमनाथ ने स्थानीय अपराध शाखा पीआई बालासाहेब खाड़े को मामले में जांच शुरू करने के लिए कहा. पुलिस ने जब मृतक बच्चों के पिता का बयान दर्ज किया, तो उन्होंने कहा कि 31 मार्च को शाम 4:30 बजे वह पास के गांव के साप्ताहिक बाजार में गए थे और अपनी पांच साल की बेटी और 3 साल के बेटे के लिए मिठाई और सैंडल लेकर लौटे थे.

घर पर मां शीतल आंगन में बैठ काम कर रही थी. जब पिता ने बच्चों के बारे में उससे पूछा, तो शीतल ने बताया कि बच्चे शाम 6 बजे से घर के अंदर सो रहे थे. पुलिस ने कहा कि पति के घर से जाने के बाद कोई भी घर के अंदर नहीं आया और न ही बच्चे बाहर गए. फिर दोनों बच्चों की मौत कैसे हुई? इससे संदेह पैदा हुआ, तो हमने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जेजे अस्पताल भेज दिया.

#### पूछताछ में टूट गई मां

कई दिनों तक सदानंद और शीतल दोनों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी गड़बड़ी का कोई संकेत नहीं मिला. फिर पुलिस अधिकारियों ने सदानंद और शीतल से उनकी शादीशुदा जिंदगी के बारे में निजी जानकारी और अन्य जानकारियां मांगनी शुरू कर दीं. शीतल के कॉल विवरण रिकॉर्ड की जांच करते समय पुलिस को यवतमाल के रहने वाले साईनाथ जाधव की जानकारी मिली, जिसे मैसेज और कॉल किए गए थे.

पुलिस की दो टीमें यवतमाल और हिंगोली के लिए रवाना हो गईं. शीतल के माता-पिता और साईनाथ जाधव को आगे की जांच और पूछताछ के लिए मांडवा लाया गया. इस बीच महिला पुलिस अधिकारियों ने शीतल से बार-बार पूछताछ की, तो वह टूट गई और उसने हत्या की बात कबूल कर ली.

#### तौलिए से दबाया था मुंह

शीतल ने बताया कि उसने बच्चों के मुंह और नाक को तौलिए से दबा दिया था, जिससे उनका दम घुट गया और उनकी मौत हो गई. शीतल ने बताया कि वह सदानंद से शादी से पहले से ही साईनाथ के साथ रिलेशन में थी और शादी के बाद भी वह जाधव के संपर्क में थी.उसने कबूल किया कि उसे लगा कि साईनाथ के साथ भागने और जिंदगी बिताने की उसकी इच्छा में बच्चे बाधा बन रहे हैं.

## सबसे बड़ी कैथोलिक संस्था 500 चर्चों में बच्चों को दिखाएगी 'द केरल स्टोरी'

■ **केरल में वोटिंग से 16 दिन पहले गूंजा लव जिहाद**

केरल में मतदान से ठीक 16 दिन पहले लव जिहाद के मुद्दे से सियासत में नया मोड़ आ गया है। यहां की सबसे बड़ी कैथोलिक संस्था सायरो मालाबार चर्च अगले दो हफ्ते में 14 से 19 साल के ईसाई किशोरों को फिल्म 'द केरल स्टोरी' दिखाने जा रही है। इसकी स्क्रीनिंग रविवार की प्रार्थना के बाद 500 चर्चों में की जाएगी।



ईसाई बहुल इडुक्की में संस्था के मीडिया प्रभारी फादर जिन्स काराक्कट का कहना है कि हमारा मुख्य उद्देश्य लव जिहाद रोकना है। इसलिए स्क्रीनिंग रखी है। सायरो मालाबार चर्च का मुख्यालय कोच्चि में है और यह देश की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी ईसाई संस्था है। इसके 46 लाख से ज्यादा सदस्य हैं। यह चर्च 4860 शैक्षिक, 262 धार्मिक और 2614 स्वास्थ्य व चैरिटेबल संस्थान चला रही है।

बीते 2 से 4 अप्रैल को जब चर्च ने इडुक्की में 30 जगह फिल्म दिखाई तो कांग्रेस और CPI(M) विरोध में उतर आए थे। पिछले दिनों जब दूरदर्शन ने इस फिल्म का प्रसारण किया, तब कांग्रेस और सीपीआईएम ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी।

**स्क्रीनिंग, बुकलेट भी बांट रहे**

फादर काराक्कट के मुताबिक प्रशिक्षण वर्ग में फिल्म की स्क्रीनिंग के पहले किशोरों को लव जिहाद के नुकसान बताएंगे। बाद में लव जिहाद जैसे षड्यंत्रों से बचने के तरीके बताने वाली बुकलेट भी दी जाएगी, ताकि बच्चे इस मुद्दे को अच्छे से समझ सकें। वहीं, केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन का कहना है कि फिल्म को सेंसर बोर्ड से अनुमति मिली है और चर्च को फिल्म की स्क्रीनिंग का पूरा अधिकार है।

## साउथ अफ्रीका में खेला जाएगा 2027 वर्ल्डकप



**14** टीमें 2027 वनडे वर्ल्ड कप में खेलेंगी

**10** टीमें ICC रैंकिंग से क्वालीफाई करेंगी

**4** टीमें क्वालीफायर राउंड से पहुंचेंगी

ICC वर्ल्ड कप 2027 के लिए साउथ अफ्रीका ने अपने आठ वेन्यू की घोषणा कर दी है। 2027 में वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी तीन देश, साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे। टूर्नामेंट अक्टूबर और नवंबर में खेला जाएगा।

साउथ अफ्रीका में वेन्यू की मेजबानी के लिए आठ स्टेडियम की पुष्टि की गई है। इसमें जोहान्सबर्ग का वांडरर्स, प्रिटोरिया में सेंचुरियन पार्क, डरबन में किंग्समीड, गकेबरहा में सेंट जॉर्ज पार्क, पार्ल में बोलैंड पार्क और केप टाउन में न्यूलैं मेन वेन्यू होंगे।

जबकि ब्लूमफोन्टेन में मैंगांग ओवल और ईस्ट लंदन में बफैलो पार्क भी वर्ल्ड कप के इवेंट्स की मेजबानी करेगा। साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे दूसरी बार वनडे वर्ल्ड कप होस्ट करेंगे।

#### वेन्यू के पास होटल-एयरपोर्ट जरूरी - CEO (CSA)

क्रिकेट साउथ अफ्रीका (CSA) के CEO फोलेत्सी मोसेकी ने वेन्यू के चयन के बारे में बात करते हुए कहा कि आयोजन स्थलों के साथ-साथ उन्हें होटल के कमरों और एयरपोर्ट की उपलब्धता पर भी ध्यान देने की जरूरत है। साउथ अफ्रीका के मीडिया ऑर्गनाइजेशन, न्यूज 24 से बात करते हुए उन्होंने बताया, मैदान चुनने की प्रोसेस सोच-समझकर की गई है। इसमें होटल के कमरों की संख्या और एयरपोर्ट की उपलब्धता भी शामिल थी।

## एक बिल्ली को बचाने की कोशिश मे 5 लोगों की मौत

**अहमद नगर.** महाराष्ट्र में एक बिल्ली को बचाने की कोशिश मे 5 लोगों की मौत हो गई. ये घटना अहमद नगर जिले की बताई जा रही है. दरअसल जिले के नेवासा तहसील में बायोगैस के गड्ढे में एक बिल्ली गिर गई थी. गांव वालो के मुताबिक उसे बचाने गया व्यक्ति जब ऊपर नही आया तो उसे बचाने दूसरे उतरे और इस तरह 6 लोग बायोगैस के गहरे गड्ढे में फंस गए. बड़ी मुश्किल से एक को जिंदा बचाया जा सका बाकी 5 की मौत हो गई.



बताया जा रहा है कि गोबर से भरे बायोगैस के गड्ढे में फंसने सभी की मौत हो गई. पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंच कर जरूरी कार्यवाही में जुटे हैं. जानकारी के मुताबिक ये हादसा कल हुआ था और देर शाम तक लोगों को बाहर निकालने की कोशिश होती रही थी. एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शाम को नेवासा तहसील के वाकडी गांव में हुई. उन्होंने कहा, एक बिल्ली गड्ढे में गिर गई और एक व्यक्ति उसे बचाने के लिए नीचे उतरा लेकिन अंदर कीचड़ में फंस गया.

नेवासा पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक धनंजय जाधव ने कहा, ₹उसे बचाने के लिए, पांच अन्य लोग एक के बाद एक नीचे उतरे और अंदर फंस गए.₹ उन्होंने बताया कि सक्शन पंपों के साथ एक बचाव दल मौके पर पहुंच गया है और एक व्यक्ति को बचा लिया गया है.

## गौतम नवलखा को चुकाने होंगे 1 करोड़ 64 लाख रुपए

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (9 अप्रैल) को महाराष्ट्र के एक्टिविस्ट गौतम नवलखा को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) को 1 करोड़ 64 लाख रुपए का भुगतान करने को कहा है। नवलखा पर 2017 में पुणे में एल्गार परिषद के आयोजित कार्यक्रम में भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। इसके कारण भीमा-कोरेगांव में हिंसा हुई थी। NIA ने मंगलवार 9 अप्रैल को जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच को बताया कि हाउस अरेस्ट में रहने के दौरान नवलखा को मिली सुरक्षा का भुगतान 1 करोड़ 64 लाख है। जो उसे चुकाना है। कोर्ट ने नवलखा के वकील से कहा कि यदि आपने हाउस अरेस्ट की मांग की है तो आप ही को इसका भुगतान करना होगा। आप अपनी जिम्मेदारी से



## संक्षेप...

### घनसोली स्टेशन के सामने ट्रक पलटने से जाम रहा यातायात

नवी मुंबई. पनवेल से ठाणे की ओर जा रहे ट्रक के चालक का नियंत्रण खो जाने की वजह से ट्रक सीधे डिवाइडर से टकराया और पलट गया. हालांकि हादसा सुबह करीब छह बजे हुआ था लेकिन सवा सात बजे तक जाम लगा रहा। ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि ट्रक हटने के बाद ही यातायात सुचारू रूप से चलने लगा था। बुधवार की सुबह सुबह कर्नाटक से एक ट्रक ड्राई फ्रूट्स लेकर ठाणे की ओर जा रहा था. ठाणे बेलापुर मार्ग पर घनसोली स्टेशन के सामने ट्रक चालक ने ट्रक से नियंत्रण खो दिया और ट्रक सीधे डिवाइडर से टकरा गया। ट्रक में ड्राई फ्रूट्स ज्यादा होने के कारण ट्रक एक तरफ पूरी तरह से पलट गया. ट्रक की गति तेज होने के कारण हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। जाम में वाहनों की लंबी कतार लगी रहीं , इस दुर्घटना की वजह से अन्य वाहन चालक दुर्घटना में पलटे ट्रक को देखकर बहुत धीमी गति से गाड़ी चला रहे थे।

# महायुति में फंसा है इन तीन सीटों पर पेंच

मुंबई. राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि महायुति में नासिक लोकसभा सीट अजित पवार गुट की एनसीपी को मिलेगी, जबकि ठाणे लोकसभा सीट बीजेपी ने मांगी है.

शिवसेना इस बात से नाराज है कि बीजेपी और एनसीपी ने लोकसभा में उसके दो अहम सांसदों की सीट की मांग की है. इसलिए सीट आवंटन अभी तक पूरा नहीं हो सका है. एबीपी माझा की रिपोर्ट के मुताबिक, विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि महागठबंधन में शामिल तीनों घटक दल एक-दूसरे के खिलाफ दबाव की राजनीति कर रहे हैं.

देखा जा रहा है कि अभी तक महागठबंधन में सीटों के बंटवारे की गुत्थी सुलझ नहीं पाई है. महायुति अभी भी ठाणे, नासिक और सतारा सीटों पर एक-दूसरे पर दबाव बनाने की तकनीक का



इस्तेमाल कर रही है. बीजेपी ने मांग की है कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना की ठाणे की सीट दी जाए, जबकि अजित पवार की एनसीपी ने नासिक की सीट देने की मांग की है.

### ठाणे और नासिक सीट नहीं छोड़ना चाहती शिवसेना

ये दोनों महत्वपूर्ण सीटें फिलहाल शिवसेना के पास हैं इसलिए शिवसेना ने इन दोनों सीटों पर अपना दावा छोड़ने से इनकार कर दिया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से चर्चा के बाद इस बात पर सहमति बनी कि नासिक की सीट एनसीपी को दी जाएगी. ऐसी संभावना है कि छगन भुजबल नासिक में एनसीपी की ओर से उम्मीदवार होंगे. हालांकि, अमित शाह से मुलाकात के करीब पंद्रह दिन बाद भी इस संबंध में कोई फैसला नहीं लिया गया है.

दूसरी ओर, ठाणे से भी शिवसेना के पदाधिकारियों ने दबाव के आगे न झुकते हुए ठाणे सीट बीजेपी को देने से इनकार कर दिया है. एक तरफ एनसीपी सतारा सीट बीजेपी के लिए छोड़ने को तैयार दिख रही है लेकिन इसके बदले में नासिक लोकसभा सीट की मांग की गई है. हालांकि नासिक सीट पर आश्वस्त होने के बाद भी उम्मीदवार घोषित करने की इजाजत नहीं मिलने पर एनसीपी ने नाराजगी जताई है.

### नासिक सीट न मिलने पर सतारा में प्रत्याशी उतारेगी NCP

एनसीपी का कहना है कि यदि आश्वासन के बाद भी नासिक सीट उपलब्ध नहीं होती है, तो हमारे पास सतारा लोकसभा क्षेत्र के लिए इच्छुक उम्मीदवार हैं और हम इस सीट से सतारा जिला सेंट्रल बैंक के अध्यक्ष नितिन पाटिल की उम्मीदवारी की घोषणा करेंगे.

# राज ठाकरे ने दिया NDA को समर्थन

## PM मोदी की तारीफ लेकिन CM शिंदे पर कसा तंज

मुंबई. महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने मंगलवार को मुंबई के शिवाजी पार्क से गुड़ी पड़वा रैली को संबोधित किया. उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत हिंदू भाइयों और बहनों के स्वागत से की. राज ठाकरे ने कहा कि मनसे पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिना शर्त समर्थन दे रही है. राज ठाकरे ने कहा कि अगर आपको याद हो तो बीजेपी से पहले, मैं पहला व्यक्ति था जिसने कहा था कि नरेंद्र मोदी भारत के पीएम बनें. 370 के लिए मैंने तारीफ की. मुझे कोई चीज पसंद आती है तो मैं उसकी प्रशंसा करता हूं. यदि मुझे कोई चीज पसंद नहीं आती है तो मैं उसकी प्रशंसा नहीं करता हूं.

राज ठाकरे ने कहा कि एक साल से अधिक समय तक मुझसे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संपर्क किया. मुझसे देवेन्द्र फडणवीस ने संपर्क किया. इसलिए मैंने अमित शाह को फोन किया और उनसे मुलाकात की. मैं सीट बंटवारे के इस विवाद में नहीं पड़ना चाहता था.

मैंने कहा कि किसी के साथ नहीं जुड़ना. मैं अपनी पार्टी के



चुनाव चिह्न से समझौता नहीं करना चाहता था. मुझे लोकसभा, राज्यसभा या एमएलसी नहीं चाहिए. मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिना शर्त समर्थन देता हूं.

### 'मैं किसी के अधीन काम नहीं करता'

राज ठाकरे ने कहा कि अमित शाह से मुलाकात के बाद कई तरह की खबरें उड़ने लगीं. हर तरह की खबरें चल रही थीं, मुझे भी मजा आ रहा था. उस दिन मेरी अमित शाह से मुलाकात हुई. तब खबर आई थी कि मैं शिंदे की शिवसेना का प्रमुख बनूंगा. ये कैसी खबर है? मैं किसी पार्टी को नहीं तोड़ता. मैं किसी के अधीन काम नहीं करता. मैं केवल मनसे पार्टी का प्रमुख बनूंगा.

राज ठाकरे ने कहा, संजय राउत और उद्धव ठाकरे को देखिए किस तरह से वो पीएम मोदी के खिलाफ बातें कह रहे हैं. वे सीएम पद चाहते थे. ये सब इसलिए कर रहे हैं क्योंकि आपकी पार्टी अब टूट चुकी है.

मनसे प्रमुख ने कहा कि महाराष्ट्र में 5 साल बाद चुनाव हो रहे हैं. अभी नगर निगम चुनाव होने बाकी हैं. कल मैंने समाचार पढ़ा, नगर निगम अस्पताल के सभी डॉक्टर एवं सिस्टर चुनाव कार्य में लगे हैं. मैं अस्पताल के डॉक्टरों और सिस्टर्स से आग्रह करता हूं कि वे मरीजों के लिए काम करें, अगर आपके खिलाफ कोई कार्रवाई की जाती है तो मैं आपके साथ हूं.

# संपत्ति कर एवं पानी बिल की वसूली शत-प्रतिशत हो

### आयुक्त ने कलवा वार्ड समिति के कार्यों का निरीक्षण किया

उल्हास विकास संवाददाता

ठाणे. मनपा आयुक्त सौरभ राव ने कलवा प्रभाग समिति का दौरा कर निरीक्षण किया और वार्ड समिति के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस समय समीक्षा बैठक में आयुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि कलवा वार्ड समिति क्षेत्र में पानी बिल व संपत्ति कर की शत-प्रतिशत वसूली की जाये तथा प्री-मानसून कार्य, नाला सफाई का काम तुरंत शुरू किया जाये।

इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, मनपा अभियंता प्रशांत सोनाग्रा, परिमंडल एक के उपायुक्त



मनीष जोशी, उपायुक्त (कर एवं अतिक्रमण) जी.जी. गोदेपुरे, सहायक आयुक्त सचिन बोरसे सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त सौरभ राव ने ठाणे मनपा के माध्यम से कलवा क्षेत्र में किए गए और किए जा रहे विकास कार्यों के साथ-साथ पूरे शहर की स्थिति, कलवा पूर्व में पारसिक पर्वत के संदर्भ में शहर के क्षेत्र के बारे में सारी जानकारी प्राप्त की। क्षेत्र और खाड़ी तट तीन तरफ से घिरा हुआ है। आयुक्त ने इस बात पर नाराजगी व्यक्त की कि कलवा वार्ड समिति के माध्यम से संपत्ति कर संग्रह 75 प्रतिशत और पानी बिल 62 प्रतिशत है।शहर में अनाधिकृत निर्माणों पर अंकुश लगाने के लिए जीपीएस सैटेलाइट प्रणाली अपनाई जानी चाहिए, जिससे शहर में होने वाले निर्माणों की तत्काल जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी, इसके माध्यम से अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी।आयुक्त ने अनाधिकृत निर्माणों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक आयुक्तों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर में जो भी अनाधिकृत निर्माण हैं उन्हें तत्काल ध्वस्त किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का संकेत दिया कि वार्ड समिति की सीमा के भीतर कोई भी अनधिकृत निर्माण नहीं होगा। उन्होंने इस मौके पर वन विभाग, खार भूमि पर नये अनाधिकृत निर्माण के संबंध में संबंधित विभाग से पत्राचार के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर मनपा के माध्यम से कार्रवाई करने के निर्देश भी दिये।

### नालों की सफाई शुरू कराई जाए

वार्ड समिति के अधीन सभी नालों की सफाई शीघ्र शुरू करायी जाये. आयुक्त ने मानसून के दौरान निचले इलाकों में पानी जमा होने पर आवश्यकतानुसार पंप उपलब्ध कराने की योजना की जानकारी दी।साथ ही आयुक्त राव ने दिया।

### कलवा क्षेत्र का निरीक्षण

कलवा वार्ड समिति के सभी कार्यों की समीक्षा के बाद आयुक्त सौरभ राव ने मनपा अधिकारियों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया।बरसात के दौरान विटावा सबवे में पानी जमा होने के कारण ट्रैफिक जाम हो गया था, उस स्थान का निरीक्षण कर पानी निकासी के लिए लगाये गये उपकरण का निरीक्षण किया गया। इसके बाद नवनिर्मित पुल के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कलवा पुल के नीचे बने वाटरफ्रंट प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने के बाद यहां बने पार्क की सराहना की। खारेगांव टोल नाका पर ठाणे नासिक राष्ट्रीय राजमार्ग के चल रहे कार्य का भी निरीक्षण किया।

### रुपादेवी मंदिर में महायज्ञ का आयोजन

ठाणे. शहर में चैत्र नवरात्रि की धूम है. जगह -जगह मंदिरों में विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. वागले इस्टेट, इंदिरानगर समीप रुपादेवी मंदिर प्रागंण में पंचकुंडीय हवनात्मक महायज्ञ का प्रतिदिन कार्यक्रम चल रहा है. जिसमें सैंकड़ो लोग सहभागी हो रहें हैं. उक्त धार्मिक कार्यक्रम न्यू सहारा ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष व कोपरी पांचपखाडी विधानसभा उत्तर भारतीय विभाग संघटक विजय पांडेय की तरफ से चैत्र नवरात्रोत्सव कार्यक्रम पंचकुंडीय हवनात्मक महायज्ञ श्री रामनवमी उत्सव का आयोजन 9 ते 17 अप्रैल तक किया गया है. इस अवसर पर पूर्व सभापति दशरथ यादव,श्री विभूती प्रकाशानंद विद्यालय के मुख्याध्यापक कुंवर राकेश सिंह तोमर, चंदन सिंह, रवि शुक्ला, दिनेश कनोजिया आदि उपस्थित थे.

# एड. शिंगाडे ठाणे जिला वकील एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित

ठाणे. वर्ष 2024-2026 के लिए ठाणे डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन (बार एसोसिएशन) का चुनाव 6 अप्रैल, 2024 को आयोजित किया गया था। चुनाव परिणाम आज घोषित किये गये। इस समय एड. प्रशांत गणपत कदम (अप्पा) को 859 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी एड. संजय अनंत म्हात्रे को 497 वोट मिले. कदम ने 362 वोटों के शानदार अंतर से जीत हासिल की. उपाध्यक्ष पद पर एड. सलिल श्रीकांत बुटाला बहुमत से जीते. सचिव पद पर एड. जगदीश शिंगाडे निर्वाचित हुए. कोषाध्यक्ष के रूप में एड. रेखा नरेंद्र हिवरे और उप सचिव (पुरुष) पद पर एड. भरत सोनवणे और (महिला) कविता सचिन चौधरी का चयन किया गया। कार्यकारी सदस्य पद पर एड. नारायण अवचर, एड. सोपान चव्हाण, एड. शैलेश कदम, एड. पुनम कामतकर, एड. पुजा कासळे, एड. प्रशांत लिहिनर, एड. संतोष पांडे व एड. सायली वालमे का चयन किया गया. ठाणे जिले से सभी विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी जा रही है। ठाणे जिला बार एसोसिएशन के वर्ष 2024 से 2026 तक के पदाधिकारियों का चुनाव 6 अप्रैल 2024 को हुआ। इस चुनाव में ठाणे जिले के 1467 मतदाताओं ने हिस्सा लिया. कुल 1379 लोगों ने मतदान किया. राष्ट्रपति चुनाव में एड. 362 वोटों से आगे चल रहे प्रशांत कदम को 859 वोट मिले, जबकि विपक्षी उम्मीदवार एडवोकेट. संजय म्हात्रे को 497 वोट मिले. उपराष्ट्रपति पद के लिए 4 लोग दौड़ में थे. सलाह. 568 से सलिल बुटाला, एड. 531 से हेमलता देशमुख, एड. मनोज कुमार राय को 133 मत मिले जबकि अधिवक्ता मो. कुंडा सावंत को मात्र 87 वोट पाकर चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा।

# अवैध निर्माण को बचाने के लिए पलावा पुल का बदला नक्शा ?

## विधायक राजू पाटील ने एमएमआरडीए और केडीएमसी पर साधा निशाना किसके आदेश से बदला डीपी प्लान,जांच की उठी मांग

कल्याण. कल्याण - डोंबिवली के पलावा जंक्शन के पास एमएमआरडीए और केडीएमसी प्रशासन का अजीबोगरीब कारनामा देखने को मिला है। पलावा जंक्शन के पास कुछ तथाकथित अवैध दुकानों को बचाने के लिए एमएमआरडीए और केडीएमसी के अधिकारियों ने डीपी प्लान का नक्शा ही बदल दिया, जिसको लेकर हंगामा मचा है। इस विषय में कल्याण ग्रामीण विधानसभा के विधायक राजू पाटील ने एमएमआरडीए और केडीएमसी प्रशासन के कार्यप्रणाली पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया का नौवां अजूबा मुंबई में, तो दसवां अजूबा डोंबिवली में है। यक़ीन नहीं होता





है तो आप डोंबिवली के पलावा जंक्शन पर आकर देख सकते हैं। एमएमआरडीए और केडीएमसी प्रशासन ने कथित रूप से अवैध निर्माण और दुकानों को बचाने के लिए निर्माणाधीन पलावा पुल का नक्शा ही बदल दिया, जो स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। विधायक राजू पाटील ने प्रशासन की कारगुजारी को उजागर करते हुए कहा कि अधिकारियों ने किसके कहने पर डीपी प्लान को बदला है, इसकी जांच होनी चाहिए। विधायक राजू पाटील ने इस कारनामे को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री, एमएमआरडीए व केडीएमसी प्रशासन को ट्वीट कर निशाने पर लिया और जांच करने की मांग की।


### आम सूचना

मैं श्री दिनेशकुमार गिरधारीलाल सैनी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, 250 चौ.फुट, 1ला माला, रुम नं. 10, बैरक नं. 601, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 19बीआय018984400(पी) उक्त प्रॉपर्टी श्री बाला श्रीखंडे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 11.4.2018 सी.नं. 625 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री दिनेशकुमार गिरधारीलाल सैनी


# बॉयफ्रेंड के नाम का नेकलेस पहने दिखीं जान्हवी कपूर

- मैदान की स्क्रीनिंग में पहुंचे कई सेलेब्स
- एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए सलमान, अक्षय और टाइगर

10 अप्रैल की सुबह सलमान खान मुंबई के प्राइवेट एयरपोर्ट पर नजर आए। बता दें, सलमान खान बीती रात अनंत अंबानी के बर्थडे सेलिब्रेशन में शामिल होने पहुंचे थे। सलमान के अलावा अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और मानुषी छिल्लर भी एयरपोर्ट पर दिखाई दिए। अक्षय और टाइगर की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' कल यानी 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। स्टारकास्ट इन दिनों फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। वहीं जान्हवी कपूर भी गले में रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के नाम का नेकलेस पहने नजर आईं।

### फिल्म मैदान की स्क्रीनिंग में पहुंचे सेलेब्स

बीती रात यानी मंगलवार को फिल्म 'मैदान' की स्क्रीनिंग रखी गई। इस मौके पर जान्हवी कपूर फॉर्मल लुक में दिखाई दीं। स्क्रीनिंग के बाद से ही जान्हवी सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। दरअसल, जान्हवी ने गले में रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के नाम का नेकलेस पहनकर



पहुंचीं। उनके नेकलेस पर 'शिक्खू' लिखा हुआ था। फार्मल लुक के साथ जान्हवी अपना नेकलेस फ्लॉन्ट करती नजर आईं।

वहीं उनके साथ भाई अर्जुन कपूर भी डेनिम लुक में दिखे। पिता बोनी कपूर भी स्क्रीनिंग में शामिल होने पहुंचे। अजय देवगन मैदान की स्क्रीनिंग में अलग अंदाज में दिखाई दिए। फिल्म में अजय की पत्नी का किरदार निभा रही एक्ट्रेस प्रियामणि भी साड़ी लुक में नजर आईं।

# ठाणे जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में कचरे की व्यवस्था के लिए जिला परिषद तैयार

ठाणे. स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिलें के ग्रामीण क्षेत्रों में हमेशा के स्वच्छता के लिए जिला परिषद तमाम कोशिश करने के लिए जुट गई है।राष्ट्रीय राजमार्ग को सटकर तमाम उद्योग ग्रमीण भागों में बढ़ रहे हैं।जिसके कारण जिलें के 80 गांवों में बड़े पैमाने पर कचरे का अंबार रास्ते पर लगा रहता है।इस समस्या से निजात पाने के लिए जिला परिषद के अंतर्गत KoboToolBox नामक सॉफ्टवेयर के मदद से फोटो व जानकारी स्वच्छ भारत मिशन के तहत विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को मिलेगा।जिससे उस जगह का कचरा जल्द साफ किया जाये और गांव को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए गांव के लोग भी ध्यान दे इसके लिए जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी छायादेवी शिसोदे ने आवाहन किया है।सालों से लगभग 4800 टन कचरा उठाने के लिए व्यवस्था किया गया था और 8 अप्रैल से 4380 टन कचरा उठाया गया है।91.25 प्रतिशत काम पूरा हुआ है।ग्रामीण क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे ग्रामपंचायत का कचरा उठाने के लिए बड़ी चुनौती है।

इससे निजात दिलाने के लिए पहले KoboToolBox साफ्टवेयर की मदद से समस्या हल होगा।इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर दंडात्मक कार्रवाई किया जायेगा।यह जानकारी उप मुख्य कार्यकारी अधिकिरी, पानी पुरवठा व स्वच्छता विभाग प्रमुख अतुल पारसकर ने दिया।



















यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099